WWW.MEERUTDARPAN.COM You Tube/meerut darpan news
mrtdarpan@gmail.com Whatsapp:- 9897419837 RNI NO. UPHIN 2016/69845

दैनिक
# मेरठ दर्पण

वर्षः 06 अंक 06 मेरठ, सोमवार 19 जुलाई, 2021, पृष्ठ 4, मूल्य 1 रूपया आईना सच का......





# तमंचे से गोली मार युवक ने की आत्महत्या







**मेरठ दर्पण-मेरठ।** मेरठ के पल्लवपुरम थानाक्षेत्र के गांव सोफीपुर से एक घटना सामने आई है। जहां एक 29 वर्षीय युवक ने पत्नी से विवाद के चलते खुद को तमंचे से गोली मार ली। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।वहीं, मायके में रह रही पत्नी ने आरोप लगाया कि पति का दूसरी महिला से संबंध था। इसका वह विरोध करती थी। विवाद के चलते बच्ची के साथ मायके में रह रही थी। वहीं, युवक की मौत से परिवार में कोहराम मचा है। जानकारी के अनुसार मृतक पल्लवपुरम थाना क्षेत्र निवासी 29 गौरव पुत्र दुर्योधन मजदूरी करता था। परिजनों के अनुसार गौरव की 5 साल पहले मोदीपुरम निवासी सोनिया से शादी हुई थी। जिसमें उसकी बेटी है। बताया जा रहा है किसी विवाद के चलते कुछ दिन पहले सोनिया बेटी के साथ मायके में जाकर रहने लगी। गौरव ने उसे वापस आने को कहा परंतु वह नहीं मानी। जानकारी के अनुसार शनिवार को गौरव ने सोनिया को कॉल की। पत्नी के मना करने पर गौरव ने उससे कहा कि शृ अब आकर मेरी लाश ही देखनाश। शनिवार को परिवार के सभी सदस्य सो गए। रविवार सुबह गौरव ने कमरे में तमंचे से खुद को गोली मार ली। जिससे गौरव की मौके पर ही मौत हो गई। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। वहीं घटना की जानकारी थाना पुलिस को दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में पत्नी से पूछताछ की। पत्नी सोनिया ने आरोप लगाया कि पति गौरव का एक महिला सभी संबंध था। वह अवैध रूप से उसके साथ रह रहा था। जिसको लेकर कई बार विवाद भी हुआ। विवाद बढ़ने पर कुछ दिन पहले सोनिया बेटी के साथ अपने मायके में रहने लगी। पल्लवपुरम थाना पुलिस इस पूरे मामले की जांच में लगी है। जांच पड़ताल के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक की मौत होने से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## जम्मू में घायल हुए मेरठ के जवान की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** जम्मू में घायल हुए मेरठ के लाल की दिल्ली में इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस सैनिक की मृत्यु हुई वह गंगानगर थाना क्षेत्र अंतर्गत रजपुरा गांव निवासी सैनिक रोहित कुमार सिवाच पुत्र लोकेश कुमार है। सैनिक रोहित कुमार जम्मू कश्मीर के श्रीनगर में 24 राजदीप जगह पर तैनात थे। परिजनों ने बताया कि रोहित के सेना यूनिट से जो जानकारी फोन पर दी गई, उसमें बताया गया कि रोहित 4 जुलाई को हादसे के दौरान गंभीर रूप से झुलस गए थे। जिसके बाद उन्हें भर्ती कराया गया था और आज दिल्ली के अस्पताल में उनकी मौत हो गई। पांच जुलाई को उसे गंभीर अवस्था में सेना के जवानों ने उधमपुर नार्दन कमांड के आर्मी अस्पताल में भर्ती कराया था। इसके बाद वहां से रेफर कर



दिया गया। हेलीकाप्टर से रोहित को 16 जुलाई को दिल्ली लाकर धौलाकुंआ सैन्य अस्पताल में भर्ती कराया गया। आज रविवार सुबह उनके मृत होने की सूचना परिजनों को मिली। परिजन शव लेने के लिए दिल्ली गए हुए हैं। पिता लोकेश कुमार सेना में हवलदार से सेवानिवृत्त हैं। रोहित का विवाह 2015 में सहारनपुर जिले के नंगली मेहनाजपुर निवासी अमरेश उर्फ अन्नू से हुई थी। रोहित की पत्नी अमरेश चौधरी उप्र पुलिस में सिपाही है। जो मेरठ नौचंदी थाने में तैनात है। दंपती को दो संतान हुई। बड़ा बेटा साढे तीन वर्षीय विवांक व छोटा बेटा प्रिंस 2 माह का है। मृत होने की सूचना रजपुरा गांव में रोहित के घर पर रिश्तेदारों व परिचितों का तांता लगना शुरू हो गया है। मृतक दो भाई हैं। रोहित का छोटा भाई दीपांशु है। रोहित के पिता लोकेश ने बताया कि सेना से रोहित के किसी अधिकारी का फोन आया। जिसमें उन्होंने यह बताते हुए सूचना दी कि रोहित किसी वजह से आग की चपेट में आकर जल गया है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इससे ज्यादा जानकारी सेना के अधिकारियों द्वारा नहीं दी गई। घायल होने की सूचना पर ही यहां से परिजन दिल्ली के लिए गए हुए थे। बताया जा रहा है कि शाम तक शव पहुंचने की संभावना है।

## लम्बे इंतजार के बाद अब मेरठ में भी जलेगी अमर जवान ज्योति

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** लंबे इंतजार के बाद आखिरकार वो घड़ी आने वाली है जब मेरठ में भी अमर जवान ज्योति जलने लगेगी. अगर सब कुछ ठीक रहा तो इसी साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के दिन अमर जवान ज्योति प्रज्ज्वलित हो जाएगी. इस दिव्य ज्योति को लेकर शहीद स्मारक परिसर में सारी तैयारिया पूरी कर ली गई हैं. बस तारीख की आधिकारिक घोषणा का इंतजार है. जिस स्थान पर अमर जवान ज्योति जलनी है उसका ढांचा बनकर तैयार हो गया है. साथ ही गैस अथॉरिटी अश्वफ इंडिया की तरफ से पाइपलाइन भी बिछा दी गई है. मेरठ के राजकीय संग्रहालय के अध्यक्ष पतरू का कहना है कि निर्माण कार्य लगभग पूरा हो गया है और 15 अगस्त को इस दिव्य ज्योति के प्रज्जवलित होने की पूरी संभावना है. संग्रहालय के अध्यक्ष का कहना है कि अमर जवान ज्योति के जलने से टूरिज्म भी बढ़ेगा. दूर-दूर से लोग यहां आएंगे और क्रांति धरा मेरठ के बारे में जान सकेंगे. उनका कहना है कि 15 अगस्त को इस बार शहीद स्मारक परिसर का नजारा देखते ही बनेगा. उन्होंने बताया कि शहीद स्मारक परिसर की स्थापना 1857 क्रान्ति के सौ वर्ष पूरा होने पर 1957 में की गई थी. अब उसी स्थल पर 1957 के बाद अमर जवान ज्योति का जलना बेहद सुखद है. दिल्ली के इंडिया गेट के बाद अगर कहीं और अमर जवान ज्योति जलेगी तो वो मेरठ होगा. अमर जवान ज्योति के साथ मेरठ के राजकीय संग्रहालय को भी हाईटेक किया जा रहा है. यहां करोड़ों के बजट से इन दिनों जीर्णोद्धार का कार्य तेज गति से चल रहा है. संग्रहालय के अध्यक्ष का कहना है कि अमर जवान ज्योति बनने और राजकीय संग्रहालय के हाईटेक होने से पर्यटन भी बढेगा।

# रंगदारी मामले में भाजपा पार्षद और पूर्व पार्षद को कर लिया गिरफ्तार

**मेरठ दर्पण-मेरठ।** नई सड़क नानू कंपाउंड में स्थित शिव मंदिर तोड़कर जमीन पर कब्जा करने का विवाद रंगदारी तक पहुंच गया। पुलिस ने सम्राट स्वीट्स के मालिक की तहरीर पर भाजपा के वर्तमान पार्षद, पूर्व पार्षद व मंदिर के पुजारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर ने पार्षद व पूर्व पार्षद को चाय पिलाने के बहाने थाने बुलाकर गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। शास्त्रीनगर के सेक्टर दो निवासी भाजपा पार्षद वीरेंद्र शर्मा उर्फ बिल्लू, पूर्व पार्षद सतीश गर्ग और नानू कंपाउंड स्थित शिव मंदिर के पुजारी महादेव के खिलाफ नौ जुलाई को सम्राट स्वीट्स के मालिक विवेक शर्मा ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि तीनों ने मिलकर मंदिर के मीटर को आग लगा दी। उनकी मंशा आग से मंदिर की संपत्ति को जलाना थी। इसकी वीडियो भी पुलिस के सामने पेश की गई। साथ ही आरोप था कि मंदिर की हिस्सेदारी से पार्षद व पूर्व पार्षद बीस लाख की रकम विवेक शर्मा से मांग रहे थे। पुलिस ने मंदिर की संपत्ति क्षतिग्रस्त करने, कानून व्यवस्था को प्रभावित करने और रंगदारी मांगने की धारा में मुकदमा दर्ज किया था। इंस्पेक्टर प्रेमचंद शर्मा ने बताया कि जिस दिन उक्त तीनों ने मिलकर घटना को अंजाम दिया था। उस दिन मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शहर में आए हुए थे। उनकी मंशा मंदिर को आग लगा गढ़ रोड पर विरोध प्रदर्शन कर कानून व्यवस्था प्रभावित करने की थी। साथ ही मंदिर की जमीन में विवेक शर्मा से बीस लाख की हिस्सेदारी मांग रहे थे। साक्ष्य जुटाने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। एसएसपी प्रभाकर चौधरी ने बताया कि सम्राट स्वीट्स मालिकों के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज है। उन्हें भी जेल भेजा जाएगा। इंस्पेक्टर प्रेमचंद शर्मा ने शनिवार को पार्षद वीरेंद्र उर्फ बिल्लू व पूर्व पार्षद सतीश गर्ग को चाय पिलाने के बहाने से थाने बुलाया। दोनों को पहले चाय पिलाई। उसके बाद हथकड़ी लगाकर कोर्ट में पेश कर दिया। इसकी जानकारी बाकी पार्षद और स्वजन को लगी, तो उन्होंने थाने से लेकर कचहरी तक हंगामा किया। उनका आरोप था कि पुलिस ने सम्राट स्वीट्स के मालिक के दबाव में आकर दोनों को जेल भेजा है। एसपी सिटी विनीत भटनागर का कहना है कि पूरे मामले में निष्पक्ष विवेचना करने के बाद दोनों को जेल भेजा है। उनके खिलाफ वीडियो के अलावा भी साक्ष्य मौजूद है।



# सिग्नेचर डांस एकेडमी ने किया मेरठ टैलेंट हंट




**मेरठ दर्पण–मेरठ।** बागपत रोड ईहा प्लेस में सिग्नेचर डांस एकेडमी के मैनेजिंग डायरेक्टर शिवम सेम डांसिंग मॉडलिंग वे सिंगिंग का कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम संचालन अलका चौधरी ने किया। लोकेश सिंह इस कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रुप में भाग लिया।ह्व ज्योति जलाकर कार्यक्रम का आरंभ किया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़–चढ़कर भाग लिया ।डांस के जज हर्ष कुमार, प्रदीप कुमार ,तानिया सिंगल, सिंगिंग के जज बॉलीवुड सिंगर अमित जैन ,विक्रांत सिंह, मॉडलिंग के जज करण कपूर, हमजा खान ,नसरा मिर्जा , राधिका गौतम थे। और फैशन डिजाइनर जाहिद खान, अजरा अंसारी और मेकअप आर्टिस्ट्स माहि यादव, अर्श सैफी , मोनिका सूर्यवंशी,जिनका अंतिम फैसला मान्य रहा ।डांस मैं इशांत एकलव्य, कुणाल ,निशांत, प्रथम, द्वितीय, तृतीय, पीहू दहया ,स्थान पर रहे ।सिंगिंग में सौम्या गुलाटी, आकांक्षा, और तिरषना, प्रथम ,द्वितीय ,तृतीय, स्थान ग्रहण किया। वह मॉडलिंग में अक्षत खान, रितिका गौतम, और रवि ,रहे। शिवम सेम व हर्षिता,रोहित सर,साहिल सर ,रोहित सिंह , रिया सिंह दिव्यांशी, प्रिंस ,आशीष, अनुज ,हर्ष ,आदि मौजूद गौरव शर्मा रहे।

# अपने निजी खर्चे से कर रही जल संरक्षण, वाटर हीरो कल्पना पांडेय



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** सारथी संस्था की अध्यक्ष कल्पना पांडे को संस्था के महामंत्री रोहित पवार ने सूचना दी कि यूरोपियन स्टेट में एक जगह कई दिनों से पाइप लाइन टूटने की वजह से हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है । उन्होंने जब देखा तो आस पास से पता चला कि इसमे से कई दिनों से इसी तरह पानी निकल रहा है। जिसे कोई देखने वाला भी नहीं है तभी कल्पना पांडे वहां पहुंची और देखा कि पानी का बहाव कितना तेज है जिसकी वजह से न जाने कितने हजारों लीटर पानी बर्बाद हो चुका होगा देर न करते हुए तुरंत उन्होंने अपने निजी खर्चे से प्लम्बर को बुलाया और उसे ठीक करवाया। कल्पना पांडे का कहना है कि जगह–जगह पानी की बर्बादी अभी भी रुक नहीं रही है लोगों में जागरूकता की कमी समझे या वह देखकर भी अंधे बने रहना चाहते हैं। हर नागरिक में जल संरक्षण हेतु जागरूकता लानी होगी नहीं तो सभी को भविष्य में भारी जल संकट का सामना करना पड़ेगा।

# वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन वैश्य गौरव सम्मान से अलंकृत



**मेरठ दर्पण–बागपत।** महाराजा अग्रसेन सेवा समिति जनपद बागपत के पदाधिकारियों ने कोरोना काल में अपनी जान को जोखिम में डालकर समाज की सेवा करने वाले नेशनल अवार्डी व वरिष्ठ पत्रकार विपुल जैन को उनके आवास पर पहुँचकर उन्हें संस्था के सर्वोच्च सम्मान, वैश्य गौरव सम्मान से अलं त किया। समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें पटका औढाकर व सम्मान चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समिति के प्रदेश अध्यक्ष डश्व राजीव गुप्ता ने कहा कि कोरोना काल में पत्रकार साथियों ने अपनी जान की परवाह ना करते हुए सभी सूचनाओ व सटीक खबरों को जनता तक पहुंचाने का काम किया है, इसके लिए वह बधाई के पात्र हैं। समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं प्रमुख समाजसेवी राकेश जैन ने भी विपुल जैन के कार्यो की भूरी–भूरी प्रशंसा की।उधर, विपुल जैन ने महाराजा अग्रसेन सेवा समिति द्वारा दिए गए सम्मान के लिए उनका आभार प्रकट किया। विपुल जैन को वैश्य गौरव सम्मान मिलने पर उन्हें समिति के जिलाध्यक्ष राममोहन गुप्ता, नितिन गुप्ता, युवा जिलाध्यक्ष विपिन माहेश्वरी, व प्रियाशु गुप्ता समेत काफी लोगों ने बधाई दी है।

# भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का मेरठ बाईपास पर हुआ स्वागत



**मेरठ दर्पण–मेरठ।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष का कंकर खेड़ा बाईपास पर हुआ स्वागत। भाजपा युवा मोर्चा के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविंदर सोम का आज कंकर खेड़ा बाईपास पर भाजपा नेताओं ने स्वागत किया। स्वागत समारोह के दौरान बाईपास पर कई किलोमीटर तक जाम लगा रहा। कंकर खेड़ा बाईपास पर भाजपा महानगर उपाध्यक्ष संजय त्रिपाठी, महामंत्री अरविंद मारवाड़ी,विभोर चोधरी,वीनस शर्मा,विनय विरालिया,अक्षय चोधरी,गौरव गोयल,शिवम त्रिपाठी, करण विग सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही सिवाया टोल प्लाजा पर पूर्व जिलामंत्री मनिन्दर विहान भराला ने क्षेत्रीय अध्यक्ष का स्वागत किया इस दौरान डश्व विजय शर्मा,प्रताप चौधरी पबरसा, अमित गुप्ता सिवाया, अंकित विहान, अमित विहान, हर्ष विहान, पंकज ,छोटू सिवाच, चेतन शर्मा, अश्वनी चौधरी, मनोज, राहुल, आदि मौजूद रहे।

# सरकार की गलत नीतियों से आमजन परेशान: गठीना



**मेरठ दर्पण–बिनौली।** रालोद राष्ट्रीय सचिव सुखबीर सिंह गठीना ने कहा कि भाजपा की केंद्र व प्रदेश सरकार विकास का झूठा ढिंढोरा पीट रही है। प्रदेश में सरकार की गलत नीतियों के चलते आमजन परेशान है। जिवाना गुलियान के गुरूकुल इंटरनेशनल स्कूल में पत्रकार वार्ता के दौरान रालोद राष्ट्रीय सचिव सुखबीर गठीना ने कहा कि भाजपा नेताओं ने सरकार बनने से पूर्व तमाम लुभावने वायदे किये थे। लेकिन आज तक एक भी पूरा नही किया। किसानों की आय दोगुनी करने व स्वामीनाथन की रिपोर्ट लागू करने पर अभी तक अमल नही हुआ। प्रदेश सरकार ने चार वर्ष गन्ना मूल्य नही बढ़ाया और निजी मिलों किसानों को गन्ना भुगतान भी नही दिलाया। भाजपा सरकारों की गलत नीतियों के चलते आज किसान, मजदूर, युवा, व्यापारी हर कोई परेशान है। उन्होंने कहा विधानसभा चुनाव में रालोद सपा व अन्य समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर लड़ेगा। इस बार प्रदेश की जनता चुनाव भाजपा को सबक सिखाएगी। इस दौरान प्रो.बलजीत आर्य, राजू तोमर, डॉ. अनिल आर्य, रविंद्र हट्टी, कुणाल आर्य आदि मौजूद रहे।

# पाली गांव में सीएनजी पंप का हुआ शुभारंभ

विपुल जैन



**मेरठ दर्पण–बागपत।** पाली गांव में शिव फिलिंग स्टेशन पर थिंक गैस के सीएनजी पंप का शुभारंभ हो गया। इस मौके पर डीएम बागपत डॉक्टर राजकमल यादव, एडीएम बागपत अमित कुमार व एसपी बागपत अभिषेक सिंह मुख्य अतिथि के रुप में उपस्थित हुए और उन्होंने विधिवत रूप से फीता काटकर सीएनजी पंप का शुभारंभ किया। इस मौके पर सीएनजी पंप के संचालक बलजीत सिंह तुरण ने बताया कि यह बागपत जिले का पहला ऑनलाइन सीएनजी पंप है। इसमें 12 नॉजिल लगाए गए हैं और बहुत ही कम समय में वाहनों में गैस भर जाएगी। अब से पहले यहां के लोगों को अपने वाहनों में सीएनजी गैस भरवाने के लिए दूर–दराज स्थानों पर जाना पड़ता था, लेकिन अब पाली गांव में सीएनजी पंप खुलने के बाद उन्हें दूर–दराज स्थानों पर नहीं जाना पड़ेगा और वह अपने गृह जनपद में ही सीएनजी गैस भरवा सकेंगे। सीएनजी पंप खुलने के बाद यहां के लोगों में काफी उत्साह व खुशी की लहर है। क्योंकि वह सीएनजी पंप ना होने के कारण अपने वाहनों में गैस किट नहीं लगवा पा रहे थे। अब सीएनजी पंप खुलने से वह भारत सरकार की नेचुरल गैस को प्रोत्साहन देने की योजना से काफी उत्साहित हैं, क्योंकि अब एक तरफ तरफ जहां सीएनजी की बिक्री होने से प्रदूषण में कमी आएगी, वहीं उनका कहीं भी आने–जाने का खर्च काफी कम हो जाएगा।

# वाहन की गति 100 किमी प्रति घंटे से अधिक होते ही सीधे घर पहुंचेगा चालान

**मेरठ दर्पण–मेरठ।** दिल्ली–मेरठ 14 लेन एक्सप्रेस–वे कई मामलों में तकनीक उपयोग में बेजोड़ होगा। वाहन किस रफ्तार से एक्सप्रेस–वे पर दौड़ रहे हैं, इसके लिए सेंसर स्पीड मीटर लगाए गए हैं। यदि वाहन की गति 100 किमी प्रतिघंटे से अधिक होती है तो डिस्पले लाल रंग में दिखाई देने लगता है। वहीं चालान सीधे घर पहुंचेगा। दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेस–वे पर डासना से मेरठ तक 150 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इनकी मदद से ही आपकी सभी गतिविधियां शुल्क प्लाजा के कंट्रोल रूम में कैद हो रही हैं। शुल्क प्लाजा शुरू होने के बाद आपकी नंबर प्लेट भी सीसीटीवी कैमरों की सहायता से पकड़ में आ जाएगी।

काशी शुल्क प्लाजा से 10 किमी की दूरी पर दोनों तरफ तीन डिस्पले स्क्रीन लगाकर वाहनों की गति बताई जा रही है। एक्सप्रेस–वे पर कई वाहन 100 से अधिक रफ्तार से भी गुजर रहे हैं। यदि आप कार की गति 100 किमी प्रतिघंटे से अधिक कर देंगे तो आपका चालान कट जाएगा। वहीं, शुल्क प्लाजा पर भी नई तकनीक के जरिए जीपीएस की मदद से शुल्क वसूला जाएगा। ये तकनीक भी पहली बार दिल्ली–मेरठ एक्सप्रेसवे पर उपयोग की जाएगी ।कार में बैठे यात्री क्या कर रहे हैं, आपने सभी यातायात नियमों का पालन किया है या नहीं। इन्हें देखने के लिए हाई रिजुलेशन वाले कैमरों को एक्सप्रेसवे पर लगाया गया है। नियमों का उल्लंघन करने पर चालान घर भेज दिया जाएगा। यहां तक कि यदि आप कार चलाते समय किसी नशे आदि का सेवन कर रहे हैं तो कैमरा उसे भी कैद कर लेगा।

# डीएम आफिस पर अंतिम संस्कार की चेतावनी से हड़कम्प

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन के नेता द्वारा दलित बुजुर्ग का अंतिम संस्कार डीएम कार्यालय पर किये जाने की चेतावनी से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। महीनों की शिकायत की सुनवाई को ठण्डे बस्ते में डालने वाले अधिकारी भी कुंभकर्णी नींद से जागे और गांव में ही अफसरों ने पंचायत में पहुंचकर समस्या के समाधान का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। बता दें कि चरथावल क्षेत्र के गांव रोनी हरजीपुर में महीनों से जल निकासी की समस्या बनी हुई है। इसके लिए ग्रामीणों ने कई बार एसडीएम और अन्य माध्यम से शिकायत कर समाधान की मांग भी की, लेकिन कोई भी कार्यवाही नहीं की जा रही थी। इसी बीच पिछले दिनों हुई बारिश के कारण गांव में जलभराव की समस्या विकराल हो जाने के कारण लोगों के घरों और मुख्य सड़क पर भी अभी तक भी पानी भरा होने के कारण आवागमन में भी समस्या बनी हुई है। इसको लेकर दो



दिन पहले भी ग्रामीणों ने आवाज उठाई थी, भाकियू के सदर तहसील अध्यक्ष विकास शर्मा ने भी गांव में पहुंचकर वहां बनी समस्या के फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करते हुए प्रशासन से समाधान कराने की मांग की थी, लेकिन इस समस्या को लेकर कोई भी कदम नहीं उठाया गया। आज गांव में दलित बुजुर्ग मेहनती पुत्र बुद्दू की मौत हो जाने के कारण अंतिम संस्कार की भी समस्या खड़ी हो गयी। गांव में दलित समाज के श्मशान घाट अलग होने के कारण दलित समाज की मौत होने पर अंतिम संस्कार वहीं पर किया जाता है, लेकिन श्मशान घाट में बारिश के कारण जलभराव होने से अंतिम संस्कार की भी जगह नहीं बची है। इससे दलित समाज में रोष उत्पन्न हो गया। सूचना मिलने पर भाकियू नेता विकास शर्मा वहां पहुंचे और प्रशासन को नींद से जगाने के लिए गांव रोनी हरजीपुर में स्थित संत शिरोमणी रविदास मंदिर में पंचायत बुला ली गयी। पंचायत में भाकियू नेता विकास शर्मा ने चेतावनी दी कि यदि गांव में जलभराव की समस्या, तालाबों की सफाई और श्मशान घाट में भरे पानी को नहीं निकाला जाता है तो दलित बुजुर्ग का अंतिम संस्कार कलेक्ट्रेट जाकर डीएम कार्यालय पर किया जायेगा। भाकियू नेता की इस चेतावनी से पुलिस प्रशासन में हड़कम्प मच गया। चेतावनी के थोडी देर बाद ही नायब तहसीलदार इंद्र देव शर्मा, कानूनगो प्रवीण कुमार और चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक दीपक मावी गांव में पहुंचे और पंचायत में जाकर इन लोगों ने समस्या सुनी। भाकियू नेता विकास शर्मा ने कहा कि दलितों के श्मशान घाट में जलभराव है और पानी के कारण उसकी मिट्टी ढहकर तालाब में मिल गयी है। उन्होंने श्मशान घाट की भूमि की पैमाइश कराकर चारदिवारी कराने, जलभराव की समस्या का समाधान कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि तहसीलों में भ्रष्टाचार चरम पर है, ग्रामीणों और किसानों को रिश्वत देकर काम कराना पड़ता है, जबकि जनसमस्याओं के निस्तारण के प्रति अधिकारी संवेदनशील ही नहीं है। इस दौरान मुख्य रूप से पप्पू राणा, व्याकरण राणा, ब्रजपाल राणा, राजकुमार सिंह, ग्राम प्रधान सतपाल सिंह, जीतू कुमार, पवन कुमार, राजेश कुमार के अलावा सैंकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## बीस युगल बंधे विवाह बंधन में, राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने दिया आशीर्वाद


मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत कूकड़ा ब्लश्कक में 20 जोड़ों की शादी कराई गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने नव युगलों को आशीर्वाद दिया। मुख्यमंत्री सामूहिक योजना के अंतर्गत गरीब असहाय परिवारों की बेटियों कि शादी यूपी सरकार करा रही है। आज इसी कड़ी में कूकड़ा ब्लश्कक में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत जिला समाज कल्याण विभाग द्वारा 20 जोड़ों का विवाह कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल एवं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष अमित चौधरी के द्वारा नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया गया। राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की यह गरीब लोगों के लिए महत्वपूर्ण योजना है क्योंकि एक बेटी को अपने घर से विदा करने के लिए पिता को अपनी संपत्ति तक बेचनी पड़ जाती है। जिसको लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चलाई गई है जिससे कि हर बेटी का कन्यादान हो सके और वह अपने सुखी जीवन को अपनी जरूरत के हिसाब से जी सकें। आज मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत 20 जोड़ों को 35000 का चेक व 10000 का घरेलू सामान व दूल्हा दुल्हन के शादी का जोड़ा आदि सामान दिया।

# पुलिस लाइब्रेरी के सहयोग को आगे आये लोग

मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा

**मुजफ्फरनगर।** एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा पुलिस वेलफेयर के लिए अपने अभियान की कड़ी में रिजर्व पुलिस लाइन में स्थापित कराई गई आधुनिक लाइब्रेरी के लिए अब लोगों का सहयोग भी मिलने लगा है। लाइब्रेरी के उद्घाटन के बाद से ही एसएसपी को कई लोगों ने फोन कर उनके पास मौजूद कुछ ऐतिहासिक और पुरानी किताबों को इस लाइब्रेरी में दान करने की इच्छा जताई। ऐसे सभी लोगों का एसएसपी ने स्वागत करते हुए उनको बताया कि किताबें और उनका ज्ञान कभी पुराना नहीं होता। बता दें कि शनिवार को एसएसपी अभिषेक यादव द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिजनों तथा बच्चों के लिए अत्याधुनिक लाइब्रेरी का शुभारम्भ किया। इस लाइब्रेरी में प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी के लिए आवश्यक पुस्तकों के साथ ही



मनोरंजन और ज्ञान वर्धन के लिए भी अनेक ऐतिहासिक और आध्यत्मिक पुस्तकों का संग्रह किया गया है। इस लाइब्रेरी के लिए अब कई समाजसेवी और अन्य लोग भी आगे आये हैं। इन लोगों ने उत्तर प्रदेश की इस पहली पुलिस लाइब्रेरी में अपनी पुस्तकें दान देने की इच्छा व्यक्त की है। एसएसपी अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस लाइब्रेरी के उद्घाटन के बाद से कई लोगों ने विभिन्न माध्यमों से सम्पर्क करते हुए यह पूछा है कि क्या वो इस लाइब्रेरी को अपने स्तर से अपनी कुछ पुरानी या सेकंड हैंड किताबें भेंट कर सकते हैं। इस पर एसएसपी ने इन लोगों को कहा कि किताबें कभी पुरानी या सेकंड हैंड नहीं होती। उन्होंने कहा कि किताबों से अच्छा कोई दोस्त नहीं होता है। कोई भी व्यक्ति जो किताबें देना चाहते हों, पुलिस लाइन में लाइब्रेरी में जाकर दे सकते हैं। सभी का स्वागत है।

## टिका जीत का: राज्यमंत्री प0 सुनील भराला ने लगवाई कोरोना वैक्सीन की पहली डोज, अखिलेश पर कसा तंज



**मेरठदर्पण-मेरठ।** पल्लवपुरम स्थित कैंप कार्यालय पर आज उत्तर प्रदेश श्रम कल्याण परिषद के अध्यक्ष व राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला ने कोरोना वैक्सीन की पहली डोज ली, इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने राज्य मंत्री पंडित सुनील भराला को कोरोना वैक्सीन की पहली डोज लगाई , जिसके बाद राज्यमंत्री पंडित सुनील भराला ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि यह जीत का टीका है उन्होंने कहा कि जिस तरह से अखिलेश यादव कोरोना वैक्सीन को भाजपा की वैक्सीन बता रहे थे यह वैक्सीन देश के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय नरेंद्र मोदी जी ने देश की जनता को स्वस्थ रखने के लिए देश व प्रदेश भर में सभी आम जनता व श्रमिको के लिये फ्री में वैक्सीन लगवाने का सराहनीय कार्य किया है, जिससे सभी लोग सुरक्षित रहें उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव प्रदेश की जनता को भ्रमित करने का काम कर रहे हैं आने वाले विधानसभा चुनाव में इन सभी दलों का सूपड़ा साफ होगा और भाजपा एक बार फिर पूर्ण बहुमत से उत्तर प्रदेश में अपनी सरकार बनाते हुए माद्र योगी आदित्यनाथ जी को एक बार फिर से मुख्यमंत्री बनाने का काम करेगी साथ ही राज्य मंत्री पंडित सुनील भराला ने कहा है कि कोरोना वैक्सीन पूरी तरह से सुरक्षित है और सभी लोगों को वैक्सीन लगवानी चाहिए साथ ही कहा कि मैं देश व प्रदेश की समस्त जनता से अपील करता हूं कि वह लोगों को कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए ज्यादा से ज्यादा जागरूक करें।

# अन्न सेवा का 29 वा सप्ताह आयोजित



**मेरठ दर्पण-मेरठ।** संवाद फाउंडेशन के संकल्प अन्न सेवा का लगातार 29वें हफ्ते का आयोजन मेट्रो प्लाजा चौराहे के पास आज आयोजित किया गया। इस अवसर पर फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रशान्त कौशिक ने बताया कि अन्न सेवा का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को अन्न सेवा के माध्यम से भोजन उपलब्ध कराना है, उन्होंने कहा कि इस अन्न सेवा संकल्प का दायरा निरन्तर आगे बढ़ रहा है और सहयोगियों के साथ से भिन्न-भिन्न जगहों पर इसका आयोजन निरन्तर किया जा रहा है। फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रशान्त कौशिक ने बताया कि आज का आयोजन समाजसेवी दुष्यन्त शर्मा के द्वारा आयोजित किया गया । इस आयोजन में हलवे के प्रसाद का वितरण लगभग 500 लोगों में किया गया। अन्न सेवा के कार्यक्रम को आगे बढ़ाने वाले समाजसेवी दुष्यन्त शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन निरन्तर होते रहने चाहिए क्योंकि सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्य बहुत ही जरूरी है और ऐसे आयोजन में सहभागी बनना बहुत ही सुखद अहसास देता है। युवा ब्राह्मण समाज के प्रदेश अध्यक्ष पंडित अश्वनी कौशिक ने कहा कि अन्न सेवा के माध्यम से मानव सेवा होती है, यह कार्य बहुत ही पुनीत कार्य है। एडवोकेट संजीव कुमार शर्मा जी ने कहा कि यह एक पवित्र संकल्प है और इस आयोजन पर ईश्वर का आशीर्वाद हैं। यातायात प्रशिक्षक सुनिल कुमार शर्मा ने कहा कि ऐसे आयोजन से जुड़ कर सेवा करना प्रेरणा देता है।

राजकुमार गोयल ने भी अन्न सेवा को प्रेरित करने वाला कार्य बताया। तरुण भारद्वाज और रितिन शर्मा ने भी ऐसे आयोजन की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर प्रशान्त कौशिक, पंडित अश्वनी कौशिक, एडवोकेट संजीव कुमार शर्मा, सुनील कुमार शर्मा, राजकुमार गोयल, तरुण भारद्वाज, रितिन शर्मा, विनायक आदि उपस्थित रहे।

# भाजयुमो क्षेत्रीय अध्यक्ष सोम का जोरदार स्वागत



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पश्चिम क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष सुखविन्द्र सिंह सोम का मुजफ्फरनगर प्रथम आगमन पर जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन एवं जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा कुशवेन्द्र तोमर के नेतृत्व में हजारों कार्यकर्ताओं द्वारा भंगेला चौक पोस्ट पर पुष्प गुच्छ देकर व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल भी स्वागत कार्यक्रम उपस्थित रहे । इसके पश्चात युवा मोर्चा के सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता गाडियों के काफिले के साथ तिगाई चौक पोस्ट पर मनोज राजपूत, सुमित राजपूत, पंकज राजपूत, राकेश प्रधान आवास विकास पर सुदीश ठाकुर, अमित उपाध्याय, रोडवेज बस स्टैण्ड पर नरेन्द्र जैन, डॉ हबीब, बुढाना मोड पर गुरुदत्त अरोरा, चंचल भूटानी, विनोद ठाकुर, थाना खतौली पर ओमसिंह मोतला, मैन चौपला पर विनित ठाकुर, श्याम रहेजा, नितिन त्यागी, संजीव प्रजापति, सुमित रहेजा, अमित कसाना, राहुल चौहान, घण्टा घर पर नितिन त्यागी, अजय भुर्जी, इन्द्रामूर्ति पर मदन छाबडा, अमित त्यागी, पिकेट कॉलेज पर ;षभ जैन, राकेश प्रजापति, मोहित जैन, नागर कॉलोनी पर अविंत गोयल, पंकज सैनी, मंसूरपुर पर यश गोयल, मनोज राठी, अम्बा फैक्ट्री पर जिला मंत्री युवा मोर्चा रजत त्यागी, गुप्ता रिसोर्ट पर अजय सागर, वहलना चौक पर प्रशांक नागर, शिव चौक पर दीपक गोयल, अंकित गर्ग, रोहित तायल, झांसी की रानी पर जिला महामंत्री युवा मोर्चा अभिषेक त्यागी, सन्नी वर्मा, मालवीय चौक पर अमित धीमान, देवेन्द्र पाल, मोनू धीमान, व पूजा कन्फैक्शनरी पर नवनीत गुप्ता, प्रियांक गुप्ता, प्रशांत गौतम ने आदि विभिन्न स्थानो पर स्वागत के पश्चात भोपा रोड स्थित वृन्दावन गार्डन में अभिनन्दन समारोह में पहुँचे। सर्वप्रथम क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविन्द्र सिंह सोम, जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल एवं जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा कुशवेन्द्र तोमर की उपस्थिति में मंचासीन पदाधिकारियो ने भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला व संचालन जिला महामंत्री विनीत कात्यायन द्वारा किया गया मंडल अध्यक्ष राजेश पाराशर ने क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविंदर सोम का नई मंडी मंडल की ओर से शॉल ओढ़ाकर स्वागत किया। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल जी व नवनियुक्त क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविन्द्र सोम का जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला, प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन एवं जिलाध्यक्ष युवा मोर्चा कुशवेन्द्र तोमर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंटकर व फूल माला पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय अध्यक्ष युवा मोर्चा सुखविन्द्र सोम ने सभी कार्यकर्ताओ का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जो जिम्मेदारी मुझे भारतीय जनता पार्टी नेतृत्व द्वारा दी गई है उसका निर्वहन सभी को साथ लेकर पूरी निष्ठा व ईमानदारी के साथ निभाऊंगा और उन्होने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओ से आवहान किया कि सभी कार्यकर्ता केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाकर आगामी 2022 के विधानसभा चुनाव में प्रचण्ड बहुमत के साथ 300 से अधिक सीटे जीताकर उत्तर प्रदेश में पूनः भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाने में अपना सम्पूर्ण योगदान दे। कार्यक्रम को मुख्य रूप से क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल जी, प्रदेश मंत्री जिला प्रभारी डॉ चन्द्रमोहन, राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल, बुढाना विधायक उमेश मलिक, पुरकाजी विधायक प्रमोद टवाल, खतौली विधायक विक्रम सैनी ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के अन्त में जिलाध्यक्ष विजय शुक्ला ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ की हडडी है इस निमित युवा मोर्चा कार्यकर्ता की जिम्मेदारी है कि जो भी कार्यक्रम पार्टी द्वारा निर्धारित किये जाते है उनको पूरी निष्ठा व परिश्रम के साथ पूरा कर संगठन को मजबूत करने में सहयोग करे व सबका साथ, सबका विकास व सबका विश्वास के मंत्र के साथ कार्य करे।

# हूर और पैसे का लालच देकर मुस्लिम बने युवक को फिर हिंदू धर्म में लौटाया



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** हिन्दू जागरण मंच जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पंवार व जिला महामंत्री अंकुर राणा के नेतृत्व में हिन्दू जागरण मंच की टीम पहुंची गांव बढिवाला जहां हिन्दू युवक को धर्मपरिवर्तन करवाकर मुस्लिम बना दिया था। आज हिन्दू जागरण मंच की सक्रियता के चलते उसकी हिन्दू युवक की घर वापसी करा दी गयी है। जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह पंवार ने बताया कि बड़े पैमाने पर उत्तर प्रदेश व अन्य प्रदेशों में धर्मपरिवर्तन व लव जेहाद की बढ़ती हुई घटनाएं चिंता का विषय हैं। इन से जुड़े लोग कहीं ना कहीं दिल्ली या विदेशी ताकतों से जुड़े हैं जो बड़े स्तर पर इन सब को धन उपलब्ध कराते हैं। ये एक गैंग है नीचे से लेकर ऊपर तक इन सब की उच्चस्तरीय जांच कमेटी बनाकर जांच होनी चाहिए। कोई भी अपराधी बचना नही चाहिए। हिन्दू जागरण मंच लंबे समय से इनका खुलासा कर रहा है देश को खोखला करने वालों को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। साथ ही उन्होंने मीडिया का भी धन्यवाद दिया जो इन जेहादी मानसिकता वालों का चेहरा देश के सामने उजागर कर रहे हैं। गांव देहात में जाकर स्टिंग ऑपरेशन चला रहे हैं वो वाकई सराहनीय है। इस मौके पर जिलाउपाध्यक्ष राजेश शर्मा, बेटी बचाओ आयाम के जिला संयोजक कमलदीप व सहसंयोजक वीरेंद्र त्यागी, आर्थिक योजना प्रमुख राजीव धीमान, नगर अध्यक्ष अंजेश गुर्जर,नगर महामंत्री अखिलेश पूरी,नगर मंत्री एडद्ददीपक धीमान, चरथावल खण्ड उपाध्यक्ष आशु धीमान, मलीरा ग्राम अध्यक्ष संजय कश्यप, खामपुर ग्राम अध्यक्ष दीपक पाल, युवा नगर उपाध्यक्ष मोंटी,दीपक शर्मा, अनुज सक्सेना, सुमित पाल, विकास पाल, आकाश कश्यप, अनुज कश्यप, करण कश्यप, रोहित कशयप, कार्तिक,विक्की, राजन, पंकज, नितेश त्यागी, टीटू पाल, शिवम, अनुज, दीपक कुमार, विजित गुरुवा सहित सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित थे।

## शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी ने की भाजपा पश्चिम क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल से भेंटवार्ता



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** भाजपा के नवनिर्वाचित ब्लॉक प्रमुखों ने आज मोहित बेनीवाल से मुलाकात की। जिसमें मुख्य रुप से शाहपुर ब्लॉक प्रमुख अरविंद त्यागी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य गौरव त्यागी, पुरकाजी ब्लॉक अध्यक्ष मालती रानी के पति धनप्रकाश एवं शाहपुर से चांदपुर के पूर्व प्रधान अमित त्यागी सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। अरविंद त्यागी ने क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल को प्रतीक चिन्ह भी भेंट किया। अरविंद त्यागी ने बताया कि क्षेत्रीय अध्यक्ष मोहित बेनीवाल से शाहपुर ब्लॉक के विकास को लेकर चर्चा हुई मोहित बेनीवाल द्वारा शाहपुर ब्लॉक को सरकार से हर संभव मदद प्रदान किए जाने की बात कही है।

# जिला पंचायत अध्यक्ष का व्यापारियों ने किया स्वागत



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** व्यापारियों ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष को सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन रजि के प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्ण गोपाल मित्तल, नगर अध्यक्ष राकेश त्यागी,नगर उपाध्यक्ष पवन वर्मा,नगर मंत्री कमल कांत शर्मा, द्वारा नवनियुक्त जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल का फूलों का बुके भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया एवं उन को बधाई दी गई,इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने कहा कि जिला पंचायत कार्यालय में व्यापारियों कि किसी भी प्रकार की समस्याओं को प्राथमिकता से हल कराया जाएगा।

# गौरव स्वरूप का वैश्य समाज ने किया स्वागत



**मेरठ दर्पण-ब्यूरोचीफ अमरदीप वर्मा**

**मुजफ्फरनगर।** कृष्णापुरी निवासी प्रमोद गोयल के आवास पर वैश्य समाज की ओर से वरिष्ठ सपा नेता गौरव स्वरूप का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन कपिल गोयल एडवोकेट द्वारा किया गया। कार्यक्रम में शलभ गुप्ता एड महानगर महामंत्री समाजवादी पार्टी, अरविंद गोयल महानगर सचिव का भी स्वागत किया गया। गौरव स्वरूप ने कहा कि वे हमेशा समाज के लिए तत्पर रहते हैं। अगर वे समाज के काम आ सके तो ये उनका सौभाग्य होगा समाज का साथ ही उनकी ताकत है। समाज की ताकत से ही वे आज भी वैश्य समाज के लिए हमेशा खड़े है। कार्यक्रम में सुनील तायल, अचिंत सिंघल,अशोक गर्ग, परवीन मित्तल, गौरव शर्मा, मुकेश वशिष्ट, राकेश गोयल, शिव कुमार सिंघल, कार्तिक गोयल, राजकुमार गर्ग, अमन सिंघल, सार्थक, रश्मि गोयल, शिल्पा गोयल, महेश गोयल, प्रमोद कुमार गुप्ता, सुभाष चंद,अरविंद कुमार धीमान, ष्णपाल वर्मा, जनार्दन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, अंकित गुप्ता ने 'मेरठ दर्पण' न्यू गोस्वामी प्रिंटिंग प्रेस, 44, हनुमानपुरी सूरज कुण्ड रोड़, मेरठ से छपवाकर कार्यालय 12 मैथनिया मौहल्ला, कंकरखेडा, मेरठ कैंट (उ.प्र.) से प्रकाशित किया।
सम्पादक- अंकित गुप्ता RNI NO. UPHIN 2016/69845 फोनः 9897419837 Email : mrtdarpan@gmail.com
मेरठ दर्पण में प्रकाशित समस्त रचनाओं एवं विज्ञापनदाताओं के अपने विचार है इसके लिए मेरठ दर्पण की किसी भी तरह की जिम्मेदारी नहीं है। किसी भी विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र मेरठ ही होगा।